श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
15.10.2024
अश्विन शुक्लपक्ष त्रयोदशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 53

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:45 बजे
अस्त - 05:48 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 29 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

गढ़वा में होगा भाजपा का सफाया : मिथिलेश >> पेज 03
काजोल-कृति की फिल्म 'दो पत्ती' का ट्रेलर रिलीज >> पेज 04

## सुविचार

जो अपने कदमों की काबिलियत पर विश्वास रखते हैं, वे ही अक्सर मंजिल पर पंहुचते हैं!

## न्यूज अपडेट्स

### झाप्रसे के 19 अफसर बदले

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के 19 पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने सोमवारको अधिसूचना जारी कर दी है। प्रतीक्षारत रवि शंकर विद्यार्थी को संयुक्त सचिव कृषि एवं पशुपालन विभाग में पदस्थापित किया गया है। मंजू रानी को संयुक्त सचिव भू राजस्व विभाग भेजा गया है। पवन कुमार को संयुक्त सचिव महिला बाल विकास विभाग में पदस्थापित किया गया है। रतन कुमार को निदेशक लेखा प्रशासन पलामू के पद पर पदस्थापित किया गया है। हीरा कुमार को अपर समाहर्ता देवघर बनाया गया है। मनोज कुमार को क्षेत्रीय उपनिदेशक जियाडा बनाया गया है। मतियस विजय टोप्पो को निदेशक लेखा प्रशासन हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### रांची से गोरखपुर के लिए मिली ट्रेन

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर रांची रेल मंडल को एक और ट्रेन मिली है। रांची से गोरखपुर के लिए एक साप्ताहिक ट्रेन मिली है। इसकी शुरुआत 15 अक्टूबर से होगी। यह साप्ताहिक ट्रेन गोरखपुर के लिए रांची से शुक्रवार को खुलेगी और गोरखपुर से रांची के लिए शनिवार को चलेगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। इस नई ट्रेन का शुभारंभ संजय सेठ के द्वारा ऑनलाइन किया जाएगा। दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन को रवाना किया जाएगा।

**शिकंजा** जल जीवन मिशन में घोटाले पर ईडी ने कसा शिकंजा

# मंत्री के भाई व आईएएस मनीष के ठिकानों पर रेड

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेयजल स्वच्छता विभाग में हुए घोटाले को लेकर राजधानी रांची सहित राज्य के कई ठिकानों पर एक साथ सोमवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता मामले में रांची के सदर थाने में दर्ज एक केस में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने झारखंड में एक साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के भाई विनय ठाकुर, पीएस हरेंद्र कुमार, आईएएस अधिकारी और श्रीकृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के निदेशक मनीष रंजन एवं इंजीनियर तथा ठेकेदारों के 18 ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी में ईडी ने विभिन्न ठिकानों से बैंकिंग लेनदेन सहित अन्य कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों, जमीन के कागजात, डिजिटल साक्ष्य सहित अन्य सामान जब्त किये है। डोरंडा के छप्पन सेट में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र कुमार का आवास में ईडी के अधिकारी ताला तोड़कर घुसे। ईडी के अधिकारियों ने



### यह राजनीतिक छापेमारी है : मिथिलेश ठाकुर

**रांची।** झारखंड में ईडी की छापेमारी पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आप जानते हैं कि निशाना क्या है। हम अब इन सबके आदी हो गए हैं। यह ईडी की छापेमारी नहीं, बल्कि राजनीतिक छापेमारी है। झारखंड में ईडी ने सोमवार को मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई और पीएस सहित कई विभागीय इंजीनियर्स से जुड़े 20 ठिकानों पर छापेमारी की है। इस मामले पर मंत्री पत्रकारों से बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि ईडी पारदर्शिता से काम करे तो हम पूरा सहयोग करेंगे। ईडी को कठपुतली नहीं बनाना चाहिए। लोकसभा (चुनाव) से पहले भी मुझ पर भाजपा में शामिल होने का दबाव था। मैंने कहा था कि मैं मरते दम तक फांसी पर लटकूंगा लेकिन मैं ऐसा नहीं करुंगा। भाजपा झारखंड में फिर से हारेगी। हम झुकेंगे नहीं। ईडी को छापेमारी में क्या मिला, इसका खुलासा करना चाहिए ताकि जानकारी सार्वजनिक हो सके।

### इन स्थानों पर हुई छापेमारी

- **हरेंद्र कुमार** : मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस, क्वार्टर नंबर 118/124, छप्पन सेठ, डोरंडा, रांची।
- **मनीष कुमार अग्रवाल** : रातू रोड, लक्ष्मी कुंज, इंद्रपुरी गली, रांची।
- **विजय कुमार अग्रवाल** : अग्रवाल एंड मंत्री चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, 404 आरआर टावर, चौथा तल्ला, रातू रोड, रांची।
- **आईएएस मनीष रंजन** : हाउस नंबर ए3/5, जवाहर नगर, सीसीएल कालोनी, कांके रोड व रीवर डेल सिटी, कांके, रांची।
- **विनय कुमार ठाकुर** : मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई, 197, एक्सिस बैंक के समीप, अमला टोला, पोस्ट चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम।
- **निरंजन कुमार** : मुख्य अभियंता, पीएचईडी। फ्लैट नंबर ई402, बंसल प्लाजा, ओल्ड एचबी रोड, रांची।
- **प्रभात कुमार सिंह** : मुख्य अभियंता, सीडीओ। डी/63, हरमू हाउसिंग कालोनी, सहजानंद चौक के समीप, रांची।
- **संतोष कुमार** : हाउस नंबर 179, गोसाईं टैंक रोड, जग्गी कंपाउंड, अपर चुटिया, थाना चुटिया, रांची।
- **चंद्र शेखर** : फ्लैट 301, चंद्रकला अपार्टमेंट, विकास नगर, रोड नंबर दो, हेसाग, रांची।
- **राधेश्याम रवि** : सुंडील, कमड़े, रातू, रांची।
- **संजय कुमार सिंह** : फ्लैट नंबर ई1, बोधराज इंक्लेव, अनंतपुर, डोरंडा, रांची।
- **मनोज कुमार** : डी-1002, ग्रीन व्यू हाइट्स, लालू खटाल रोड, बरियातू, रांची।
- **सुनील कुमार सिन्हा** : फ्लैट नंबर 308एच, सार्थक रेसिडेंसी, पीस रोड, बीआइटी एक्सटेंशन लालपुर के बगल में, रांची।
- **मानस कुमार** : फ्लैट नंबर 4बी, ब्लाक ए, खेमका रेसिडेंसी, कांके रोड, रांची।
- **विभोर सिंघानिया** : फ्लैट नंबर 4ए, कंचन विल्ला अपार्टमेंट, कांके रोड, लेक एवेन्यू, रांची।
- **वेदांत खिरवाल** : 147, चाईबासा, सदर बाजार, पश्चिमी सिंहभूम।
- **रघुनंदन प्रसाद शर्मा** : डुप्लेक्स नंबर 9999-214, ग्राउंड फ्लोर, विजया गार्डेन, बारडीह कालोनी, जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम।

### राज्य में ईडी का 20 जगह छापा

झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीमों ने राजधानी रांची से लेकर चाईबासा तक दबिश दी है। टीमों ने आईएएस मनीष रंजन, मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स से जुड़े 20 ठिकानों पर छापा मारा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता से जुड़े मामले को लेकर यह कार्रवाई की गई है। रातू रोड स्थित इंद्रपुरी रोड में विजय अग्रवाल के आवास के अलावा हरमू और मोरहाबादी सहित अन्य ठिकानों की तलाशी ली जा रही है। ईडी की यह कार्रवाई रांची के पंडरा थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गई है। इस मामले में अधिवक्ता सुजीत कुमार पर ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है।

## लातेहार में नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ गैंगरेप, तीन हिरासत में

**लातेहार।** जिले के महुआडांड थाना क्षेत्र में एक आदिवासी नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप की घटना घटी। घटना रविवार की बताई जाती है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को तीनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में डीएसपी शिवपूजन बहेलिया ने बताया कि महुआडांड़ थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की बाजार आयी थी। इसी दौरान घर लौटने के क्रम में तीन लड़कों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और पीड़िता को धमकी देकर वहां से भाग गए। घर पहुंचने पर पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद परिजन सोमवार को थाना पहुंचे और मामले की शिकायत की। घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर दो घण्टे के अंदर घटना में शामिल सभी आरोपितों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि आरोपित लड़के भी 18 वर्ष से कम उम्र के बताए जा रहे हैं। उनकी असली उम्र की छानबीन की जा रही है। डीएसपी ने बताया कि पीड़िता के द्वारा बताए गए घटनास्थल का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस के द्वारा पीड़ित युवती को मेडिकल जांच के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा जा रहा है।

## मंईयां सम्मान योजना से अब मिलेंगे 2500 रु.

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से अब राज्य की योग्य लाभुक महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह के बजाए 2500 रुपये प्रतिमाह सम्मान राशि देने का फैसला हुआ। यानी साल में अब 12 हजार रुपये बदले 30 हजार रुपये महिलाओं को मिलेंगे। अगस्त से प्रारंभ हुई इस योजना में महिलाओं को एक हजार रुपये की राशि भेजी जा रही है। दिसंबर से अब 2500 रुपये भेजने की तैयारी है। इसका लाभ 50 लाख महिलाओं को मिलेगा और सरकार को अतिरिक्त नौ करोड़ रुपए वित्तीय भार पड़ेगा सालाना। कैबिनेट की बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना ददेल ने बताया कि नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र के विकास और भूमि अधिग्रहण के लिए 43 करोड़ आठ लाख रुपये की राशि मंजूर की गई। नेतरहाट विद्यालय की तर्ज पर चाईबासा, दुमका के साथ-साथ बोकारो में भी आवासीय स्कूल खोले जायेंगे। गढ़वा में बिलासपुर पश्चिम बीरबल चौक तक 109 करोड़ की पथ परियोजना की स्वीकृति। मनरेगा के साथ अभिसरण से बन रहे आंगनबाड़ी केंद्रों की कुल राशि 11.66 लाख खर्च होगी। कृष्णा राय जल प्रमंडल दुमका की सेवा अविधि का दैनिक वेतन अवधि में जोड़ करके पूरी राशि देने का फैसला। ज्ञानोदय योजना के तहत 50 प्रारंभिक स्कूल में विज्ञान व गणित की प्रयोगशाला स्थापित करने की स्वीकृति। बिहार राज्य निर्माण निगम लिमिटेड के बकाया स्वीकृत करने के लिए 38 करोड़ मंजूर किया गया।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- राज्य के दिव्यांग, अनाथ बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए निशुल्क ट्यूशन फीस देने की स्वीकृति दी गई। इस योजना पर सालाना 24 करोड़ खर्च होगा। यह ट्यूशन फीस 10 लाख रुपये अधिकतम सालाना दी जाएगी। इसके ऊपर उन्हें खुद वहन करना पड़ेगा। इसमें प्रतिमाह 4000 उच्च शिक्षा के लिए दी जाएगी। हॉस्टल इत्यादि खर्च के लिए राशि अलग से नहीं दी जाएगी।
- राष्ट्रीय शिक्षा के तहत झारखंड अंतर्गत राजकीय विश्वविद्यालय में चार साल डिग्री प्रोग्राम योजना की स्वीकृति दी गई।
- कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत टीचर और कर्मचारी निधि की सुविधा दी जाएगी।
- राज्य में मदरसा माइनॉरिटी स्कूल में संचालित शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से राज्य योजना से संचालित करने की स्वीकृति दी गई।
- रांची विश्वविद्यालय में रांची के मुख्यालय एवं विभिन्न अंगीकृत महाविद्यालय में सेवा दे रहे नेट पास कक्षा आधारित शिक्षकों की सेवा को आवश्यकता आधारित सेवा में करने की स्वीकृति दी गई।
- उच्चतर शिक्षण संस्थानों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए योजना की स्वीकृति दी गई। 20 करोड़ खर्च होगा। -गोड्डा जिला के अंतर्गत ठाकुर गंग टी में डिग्री कॉलेज की स्थापना के लिए 40 करोड़ की स्वीकृति दी गई।
- महिला महाविद्यालय बहरागोड़ा की स्थापना के लिए 38 करोड़ की योजना स्वीकृत। राजकीय विश्वविद्यालय में डुअल डिग्री के लिए योजना मंजूर।
- रिनपास रांची में निदेशक की नियुक्ति एवं सेवा शर्त में संशोधन किया गया। राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय जमशेदपुर बहरागोड़ा के निर्माण के लिए 254 करोड रुपए की मंजूर की गई। राजकीय पॉलिटेक्निक पोटका, जमशेदपुर के निर्माण के लिए 136 करोड़ की योजना मंजूरी की गई।
- असम में रह रहे 15 लाख से अधिक आदिवासी जिन्हें अब तक एसटी का दर्जा नहीं मिला है वह ओबीसी में शामिल हैं, उनके लिए झारखंड सरकार कई तरह की योजनाए लाएगी। इसके लिए आदिवासी कल्याण मंत्री के नेतृत्व में एक सर्वदलीय कमेटी असम भेजी जाएगी। वहां की स्थिति की जानकारी लेने के बाद उनके हित को लेकर कई योजनाएं लाई जाएंगी।
- भारत सरकार और असम सरकार से भी इसके लिए समन्वय किया जाएगा। कैबिनेट सचिव ने बताया कि असम में करीब 70 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है जिसमें झारखंड से करीब 15 लाख 20 से 22 प्रतिशत लोग वहां है। इन्हें सरकारी योजनाओं के सुविधा पहुंचाई जाएगी।
- पारा शिक्षक और कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत शिक्षक कर्मी सहायक अध्यापक इत्यादि को ईपीएफओ योजना का लाभ मिलेगा।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक में बोले हेमंत सोरेन

# सभी 81 सीटों से लड़ेगा इंडि गठबंधन

**रांची।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की बैठक सोमवार को हरमू स्थित सोहराई भवन में हुई। बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आगामी विधानसभा 2024 के चुनाव की तैयारी बैठक सोहराई भवन में सुबह से शाम तक हुई। यह बैठक झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की थी। इस बैठक में सभी लोग शरीक हुए। आगामी विधानसभा चुनाव की उत्तम तैयारी शुरू करने का निर्देश भी दिया गया है। झामुमो की केंद्रीय समिति का मैं भी सदस्य हूं।




इसलिए बैठक में शरीक हूं और अपनी जिम्मेदारी निभा रहा हूं। यह साल चुनाव का साल है, सीट शेयरिंग के प्रश्न के जवाब में हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गठबंधन की सरकार है, इसलिए हम समस्त 81 विधानसभा सीट से गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगे। इस मैराथन बैठक में सभी विधायक, सांसद, नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। सुबह से शाम तक हुई कई पाली में बैठकों में मंथन का दौर जारी रहा। संध्या 6.15 बजे राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक में शरीक होने के लिये सोहराई भवन पहुंचे। उनके पहुंचते ही सारे नेता कार्यकर्ताओं में एक अलग ही जोश आ गया। सुबह से शाम तक चली बैठक का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेने ने पहले बंद कमरे में आकलन लिया। राज्यसभा सांसद सरफराज अहमद ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिये पूरी तरह से तैयार हैं। हमारी सरकार ने कार्य पूरे किये हैं. बीजेपी की तरह हम जनता को बहलाते नहीं हैं. मंईयां योजना ठीक चुनाव के समय शुरू करने के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी को योजना के तहत अधिकार दे रही है, लेकिन महिलाओं को नहीं मिल रहा था, इस पर गौर किया गया और 18 से 49 वर्ष की लड़कियों व महिलाओं को मंइयां योजना का लाभ दिया जा रहा है। भाजपा की ओर से भी तो गोगो दीदी योजना महिलाओं के लिये है। राज्यसभा सांसद ने कहा कि एक योजना का लाभ देना और एक योजना आगे शुरू होगी दोनों में बहुत अंतर है। भाजपा तो बस जुमले करती है, पहले उनकी सरकार भी तो रही है, तो अब याद आ रहा है, इसे क्या कहा जाएगा। झामुमो के केंद्रीय महासिचव विनोद कुमार पांडे ने कहा कि स्टेट कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक इसलिए अहम है कि इस बैठक में संगठनात्मक एकता, गठबंधन को और मजबूती प्रदान करने व पार्टी को धरदार बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव में जीत को ले रणनीति तय करने पर मंथन किया गया। गिरिडीह विधायक सुदीप कुमार सोनू ने कहा कि हम लोग चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, चुनाव में कहीं कोई कमियां नहीं हो इसी की आज झामुमो केंद्रीय समिति की बैठक हुई। हमारा राज्य स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के क्षेत्र में बढ़ रहा है. आगे और भी बेहतर कार्य होंगे।

# गढ़वा की सुंदरता में लगी चार चांद, शहर के सभी मार्गों पर प्रवेश द्वार अधिष्ठापित : मिथिलेश

### मंत्री ने किया एक करोड़ की लागत से निर्मित छह स्वागत द्वार का लोकार्पण



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा में छह स्वागत द्वारों का लोकार्पण किया। नगर विकास विभाग झारखंड सरकार की ओर से लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार का अधिष्ठापन किया गया है। जानकारी देते हुये मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि गढ़वा शहर के वार्ड नंबर एक उंचरी में यासीन मिल्लत कॉलेज के समीप, रेहला रोड वार्ड संख्या चार सोनपुरवा में हरियारा पुल के समीप, कचहरी रोड वार्ड नंबर 12 में सिविल कोर्ट के समीप, चिनियां रोड में दानरो नदी पुल के समीप, टंडवा वार्ड नंबर 20 शाहपुर रोड में तथा वार्ड नंबर 21 में आरके पेट्रोल पंप के समीप स्वागत द्वार का अधिष्ठापन किया गया है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में मूलभूत सुविधाओं एवं अन्य विकास कार्यों के साथ-साथ सुंदरीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों पर नगर विकास विभाग की ओर से स्वागत द्वार का अधिष्ठापन किया गया है। स्वागत द्वार से शहर की सुंदरता में चार चांद लग गई है। उन्होंने कहा कि गढ़वा के हर क्षेत्र में लगातार काफी तेजी से विकास हो रहा है। गढ़वा में हो रहे चौतरफा का विकास कार्यों से विरोधियों से विरोधियों की नींद उड़ गई है। गढ़वा के विकास कार्यों से घबराये हुये लोग बेचैनी में जनता के बीच अपनी उपलब्धि बताने के बजाय झूठ सच बोलकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिसके पास बताने के लिये अपनी उपलब्धि होगी तभी तो वह बतायेगा। जिसने कभी कोई काम ही नहीं किया वह तो जनता को दिग्भ्रमित करने का ही प्रयास ही करेगा। मंत्री ने कहा कि जनता पूरी तरह से जागरूक है। अब किसी के झांसे और बहकावे में आने वाली नहीं है। पिछले तीन वर्षों से गढ़वा में हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों को जनता देख रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में भ्रमित करने वाले लोगों को जनता सबक सिखलायेगी।

## न्यूज अपडेट्स

### आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका हड़ताल पर

**छतरपुर :** झारखंड प्रदेश आंगबाड़ी कर्मचारी संघ की छतरपुर इकाई की सेविका और सहायिका अपनी 8 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गयी हैं। आंगबाड़ी सेविका समूह की अध्यक्ष मालती देवी और सचिव निर्मला देवी ने कहा कि ससमय मानदेय भुगतान करने, सहायक अध्यापक (पारा टीचर) की तरह मानदेय बढ़ाने, सेवानिवृत्ति पर जीविकोपार्जन के लिये व्यवस्था करने, आंगनबाड़ी केंद्र के पोषाहार बाजार भाव में मिले। इन्हीं मांगों को लेकर सभी सेविका व सहायिका प्रखंड परिसर में हड़ताल पर बैठी हैं।

### प्रतिमा विसर्जन में विवाद होना दुखद : दुर्गा जौहरी

**मेदिनीनगर :** श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति ने गढ़वा में प्रतिमा विसर्जन विवाद की कड़ी भर्त्सना की है। महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी व उपाध्यक्ष नवीन तिवारी ने कहा कि गढ़वा जिला के मदगड़ी और लखना गांवों में प्रतिमा विसर्जन में विवाद उत्पन्न होना काफी दुखद है। इस तरह की हरकतों से गढ़वा जिला की गंगा-जमुनी तहजीब पर काफी धक्का लगा है। उन्होंने कहा कि मदगड़ी में निर्धारित रास्ते पर जब विसर्जन जुलूस जा रहा था तो विवाद का कोई औचित्य नहीं था। हालांकि पूर्व से ही जिला प्रशासन को आभास था कि इस रास्ते पर विवाद हो सकता है। ऐसे में जिला प्रशासन को कड़ा रुख अख्तियार करते हुये उस रास्ते में पुलिस बल को तैनात करना चाहिये था। वहीं लखना गांव में समुदाय विशेष द्वारा रास्ता को बाधित किया जाना पूर्व नियोजित था। ऐसे में जिला प्रशासन को रास्ता खुलवाने के लिये पहल करनी चाहिये थी। मगर जिला प्रशासन नाकाम रही। महासमिति के पदाधिकारियों ने कहा कि हालांकि स्थानीय लोगों व जिला प्रशासन के सहयोग से दोनों जगहों पर प्रतिमा का विसर्जन कर दिया किया गया है।

**जागरूकता** — अन्नराज डैम पर सैलानियों के बीच मतदाता जागरूकता

# नैतिक मतदान मजबूत लोकतंत्र की धुरी : सिया जानकी

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** आगामी झारखंड विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर सोमवार को निर्वाचन के स्वीप कोषांग की टीम ने गढ़वा जिले के पर्यटन केंद्र अन्नराज डैम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया। सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह ने सैलानियों से नैतिक मतदान सह मतदाता जागरूकता विषय पर विशेष रूप से सक्रिय संवाद किया तथा मतदान क्यों जरूरी है विषय पर परिचर्चा की। मौके पर उपस्थित सभी पर्यटकों ने बढ़ चढ़कर जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया एवं अपने-अपने विचार रखें। मौके पर सिया जानकी सिंह ने जागरूक करते हुये कहा कि मतदान से ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी जा सकती है। मतदान से ही तय होता है कि हमारे क्षेत्र के नागरिक देश के प्रति कितने जिम्मेवार एवं जागरूक हैं। यदि हम खुद मतदान नहीं करते हैं, तो हमारा कोई अधिकार नहीं बनता है कि हम किसी के कार्यकलाप पर उंगली उठाएं। कार्यक्रम में सिया जानकी सिंह द्वारा ईवीएम एवं वीवी पैट के बारे में मुख्य रूप से बताया गया कि कैसे ईवीएम द्वारा मतदान करने से एवं वीवी पैट के आ जाने से हमारी मतदान की प्रक्रिया पूर्णतः सहज पारदर्शी एवं विश्वसनीय हो गयी है। नैतिक मतदान ही मजबूत लोकतंत्र की धुरी है। उन्होंने वहां उपस्थित सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आये बगैर बिना किसी भय अथवा दबाव के नैतिक रूप से मतदान कर अपने देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक का कर्त्तव्य अवश्य निभाएं। उपस्थित सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न तरह के एप्प जो निर्वाचन प्रक्रिया को और भी अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बनाने में सहायक हैं, के बारे में जानकारी विस्तार से दी गई। विशेष कर सी-विजिल एप्प, जो निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी किया गया है, के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि यह एप्प किसी भी प्रकार से आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करने में काफी सहायक है। अगर आपके क्षेत्र में कोई भी राजनितिक व्यक्ति किसी भी प्रकार का भय किसी मतदाता को दिखाता है या किसी भी प्रकार का प्रलोभन देता है, तो ऐसी परिस्थिति में सी-विजिल एप्प के माध्यम से उक्त व्यक्ति का वीडियो बनाकर तुरंत अपलोड करना है। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्ण रूप से गोपनीय रखा जाता है। साथ ही सक्षम एप्प के बारे में भी बताया गया। यह एक ऐसा एप्प है कि अगर कोई पूर्णतः दिव्यांग/बुजुर्ग व्यक्ति है एवं वह मतदान केंद्र पर आकर मतदान करने की स्थिति में नहीं है, तो ऐसी परिस्थिति में सक्षम एप्प के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों की पूर्ण जानकारी अपलोड कर देने से उनके मतदान की व्यवस्था बूथ लेवल कर्मचारियों के द्वारा उनके निवास स्थल पर ही कर दी जाती है। एक और एप्प वोटर हेल्पलाईन एप्प है, जो मतदाताओं को मतदान सूची में अपना क्रम संख्या देखने में सहायक है, जिससे मतदाता लम्बी लाईन लगाकर मतदाता सूची में अपना नाम एवं क्रम खोजने के परेशानी से निजात पा सकते हैं। आज के कार्यक्रम में उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता शपथ-पत्र के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में अवश्य हिस्सा लेने एवं नैतिक रूप से मतदान कर जिम्मेवार नागरिक की भूमिका निभाने के लिये प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्वीप कोषांग के सहायक परियोजना पदाधिकारी विकास कुमार वर्मा, पंचायती राज के जिला परियोजना प्रबंधक शाहनवाज अख्तर, यूडीसी नेहा नूतन लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## दो नाबालिग लड़कियों के साथ गैंगरेप में मुखिया पुत्र समेत चार गिरफ्तार



**छतरपुर :** नौडीहा बाजार थाना पुलिस ने दो नाबालिग के साथ गैंगरेप मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुये चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी विक्रम पासवान पिता रामबली पासवान व अरविन्द सिंह पिता परीखा सिंह तथा सरईडीह गांव निवासी मन्दीप कुमार पासवान पिता हीरा पासवान व पप्पु कुमार पासवान पिता धर्मेन्द्र पासवान शामिल हैं। पुलिस ने चारो अभियुक्त का मोबाईल भी जब्त कर लिया है। इस संबंध में छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि रविवार को रायबार (डगरा) निवासी कौशल्या देवी पति रामवतार भुईयां ने नौडीहा बाजार थाना में आवेदन दिया था कि उनकी नाबालिग पुत्री तथा भतीजी के साथ सामुहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। घटना के दिन शुक्रवार को दोनों दुगार्पुजा के अवसर पर रात्री प्रोग्राम देखने सरआईडी गई हुई थी और कार्यक्रम के बाद वे लोग वापस अपने घर रायबार (डगरा) लौट रही थी। इसी दौरान 6 लोगों ने रास्ते में पड़ने वाले सुनसान स्थल के पास सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि आवेदन के आधार पर नौडीहा बाजार थाना पुलिस ने चार नामदज व दो अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर छापामारी की और चार अभियुक्तों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चारों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं दोनों पीड़िता को चिकित्सीय जांच व न्यायालय में बयान कराने को लेकर मेदिनीनगर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अन्य दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस छापामारी कर रही है। छापामारी दल में थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, पुअनि आशीष कुमार (अनुसंधानकर्ता), एएसआई संजय कुमार व प्रमोद कुमार राय, हवलदार नरेश ठिठियों, संदेश कुमार, पुलिस जवान सत्येन्द्र कुमार, नागेन्द्र राम व पंकज कुमार सिंह शामिल थे।

## बच्ची को न्याय दिलाने को लेकर प्रखंड मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** जिला किसान मोर्चा के नेता सह विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी पुष्प रंजन मेहता एवं गुप्तेश्वर मेहता के नेतृत्व में नाबालिग के दुष्कर्मी संतोष राम को फांसी की सजा दिलाये जाने की मांग को लेकर आक्रोश रैली और प्रखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान महिला एवं पुरुष हाथों में तख्ती लिये हुये थे और उस पर लिखा हुआ था कि आरोपी को फांसी दो, बहन हम शर्मिंदा हैं, तुम्हारा दुष्कर्मी जिंदा है, बच्ची को न्याय दो, न्याय दो लिखा हुआ था। इस दौरान मझिआंव बीडीओ को डीसी के नाम से दो दर्जनों से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन पत्र सौंपा गया। जिसकी प्रतिलिपि एसपी एवं एसडीओ गढ़वा को भी प्रेषित की गई है। इस दौरान आक्रोश जाहिर करते हुये महिलाओं ने कांडी थाना कांड संख्या 93/2024 के तहत फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से पीड़ित मासूम बच्ची को न्याय दिलाते हुये दुष्कर्मी को फांसी की सजा दिलवाने की मांग न्यायपालिका एवं सरकार से कर रहे थे। बताया जा रहा है कि पीड़ित मासूम बच्ची अभी जीवन और मौत से जूझ रही है, वो अस्पताल में इलाजरत है। इधर नेतृत्व कर रहे पुष्प रंजन मेहता ने कहा कि मासूम बच्ची के साथ बर्बरता पूर्वक जबरन संतोष राम के द्वारा दुष्कर्म किया गया, जो समाज के लिये निंदनीय और घोर अपराध है। ऐसे दरिंदों को फांसी की सजा मिलनी चाहिये। उन्होंने कहा कि दुष्कर्मी संतोष के द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान मासूम बच्ची के साथ खेत में दुष्कर्म कांड को अंजाम दिये जाने की बात कही जा रही है, जो कतई बर्दाश्त नहीं होगा। कहा कि पीड़ित मासूम बच्ची को न्याय नहीं मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दुष्कर्मी संतोष अपने कांडी क्षेत्र से भाग कर मझिआंव पुलिस इंस्पेक्टर के पास आकर अपना गुनाह स्वयं कबूल करते हुये सरेंडर कर दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुये उसे जेल भेज दिया। साथ ही और पुख्ता साक्ष्य इकट्ठा किया जा रहा है। ताकि दुष्कर्मी को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। मौके पर रामप्यारी देवी, रामकली देवी, संजू देवी, उर्मिला देवी, उषा देवी, संजय पासवान, रामकुमार मेहता, चिंता देवी, ललिता देवी, लीलावती देवी, कैलाश मेहता सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## विकास कार्यों को अवरूद्ध करने वाली है ईडी की कार्रवाई : दीपक





**मेदिनीनगर :** झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, उनके सचिव व रिशेतेदारों के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पर झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी ने कहा कि उनके जनाधार को देख भाजपा हतोत्साहित है। ईडी की कार्रवाई से झामुमो कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। श्री तिवारी ने कहा कि चुनाव के ठीक पूर्व ईडी जैसी जांच एजेंसियों का सहारा लेकर भारतीय जनता पार्टी झामुमो को कमजोर करने की कोशिश में जुटी है। झामुमो संघर्ष की पार्टी है और गरीबों के उत्थान एवं विकास के लिये आज भी संघर्षशील है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जबसे राज्य की बागडोर संभाली है, भाजपा वाले तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। भाजपा नेतृत्व को जानने-समझने की जरूरत है कि झामुमो झारखंड के आंदोलनकारी पार्टी है और यहां का विकास उनके हाथों हो रहा है। उनके द्वारा किये जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों से विपक्षी दलों के बड़े-बड़े नेताओं में खलबली मच गई है। यही कारण है कि चुनाव घोषणा के पूर्व विपक्षी दलों द्वारा पलामू प्रमंडल में राष्ट्रीय नेताओं को बुलवाकर तरह-तरह के लोकलुभावन घोषणा से आम जनता को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। पलामू की जनता विधानसभा चुनाव में जेएमएम को पुनः जनाधार देने का काम करेगी। मंत्री मिथिलेश ठाकुर पलामू प्रमंडल ही नहीं पूरे राज्य के विकास के लिये हमेशा से अग्रसर रहे हैं और आगे भी रहेंगे।

## मूर्ति विसर्जन के दिन भी खुली रही अंग्रेजी शराब दुकान

# प्रिंट रेट से अधिक दाम लेने पर हंगामा , 60 रु. तक की वसूली

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** प्रखंड में मूर्ति विसर्जन के दिन यानि रविवार को सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान खुली रही और निर्धारित प्रिंट रेट से अधिक लेने पर मोरबे शराब दुकान पर हंगामा भी हुआ। मिली जानकारी के अनुसार शराब के हर ब्रांड पर लिखी गयी कीमत में से 12 प्रतिशत शराब दुकान के मालिकों के लिये राशि बतौर मुनाफा निर्धारित है। इसके बावजूद भी शराब के हर बोतल, अद्धा और पौव्वा पर शराब दुकान पर बैठे सेल्स मैन ग्राहकों से लिखी गयी कीमत से करीब 8 से 10 हजार रुपए प्रति दुकान हर रोज वसूल रहे हैं। इस तरह ग्राहकों से हर माह लगभग 30 हजार रूपयों तक की अवैध वसूली हो रही है। जानकारी के मुताबिक लाईसेंस धारी अंग्रेजी शराब दुकान वाले बोतल (750 एमएल) पर 40 से 60 रुपए की, अद्धा (375 एमएल) पर 20 से 35 रुपए की और पौव्वा (180 एमएल) पर 10 से 20 रुपए और बियर बोतल पर 30 रुपए और केन पर 20 रुपये की अवैध वसूली करते हैं। यही स्थिति देशी शराब के ब्रांड में भी है। हांलाकि यह अलग और कम है।




**अवैध वसूली में होती है रंगदारी से लेकर मारपीट तक :** शराब की बोतल पर लिखी हुई कीमत से अधिक वसूल करने में हर दिन किसी न किसी दुकान पर ग्राहक हंगामा करते हैं। गाली गलौज से लेकर मारपीट तक हो जाती है। शराब का ठेकेदार, सेल्समैन वगैरह अगर मजबूत पड़ा तो ठीक, वरना ग्राहकों से समझौता हो जाता है। हर दुकान के लोग आसपास के बड़े और रसूख वाले लोगों को चिन्हित कर लेते हैं जिन्हें अंकित मूल्य पर ही शराब दी जाती है और ये लोग खुद को धन्य भी समझते हैं। हांलाकि इस स्थिति को लेकर मझिआंव से लेकर कांडी, बरडीहा तक में हर दिन हंगामा हो रहा है। शराब के कारोबार से जुड़े सूत्रों ने ही बताया कि ग्राहकों से वसूल की गयी अतिरिक्त राशि संबद्ध विभाग और संबंध के अधिकारियों से लेकर अन्य पदाधिकारियों को सेट करने के लिये खर्च की जाती है इसके बदले वे दुकानदार को हर संभव-असंभव छूट देते हैं।

**जो पीता है, भुगतता भी है, बोलता कोई नहीं :** यह गजब का मसला है। हर दिन अपनी जेब कटवाने वाले उपभोक्ता भी इस मसले पर चुप रहते हैं और अधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि तक भी। इसी स्थिति का जमकर फायदा शराब दुकान वाले उठा रहे हैं। नियम यह है कि हर शराब दुकान के बाहर शराब के ब्रांड के साथ मूल्य प्रदर्शित करना आवश्यक है। लेकिन ऐसा कहीं नहीं है। लेकिन एक्साईज विभाग भी इस पर चुप्पी साधे हुये है। अधिक रेट लेने के बाद ऐसी स्थिति में ग्राहक जाएं तो कहां जाएं। इधर मोरबे शराब दुकान पर गांव में मूर्ति विसर्जन से पहले काफी भीड़ लगी हुई थी और हंगामा हो रहा था। उसके बाद इसकी सूचना पुलिस को भी मिलती है और विसर्जन में लगे दंडाधिकारी सीआई प्रभारी धनलाल उरांव, थाना एएसआई संजय कुमार दल बल के साथ शराब दुकान पर पहुंचे और लगे भिड़ को भगाया। वहीं अधिक दाम लेने पर कुछ लोगों ने नाम उजागर नहीं करते हुये नाराजगी व्यक्त किया और कहा कि इस दुकान पर बराबर रेट से अधिक 10 रुपये से 30 रुपये लिया जाता है और लोगों ने कहा कि अगर बढ़े रेट में से 10 रुपये नहीं देने पर शराब या बियर नहीं दिया जाता है।

# नपं के वार्ड पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी से की मुलाकात, समस्याओं से कराया अवगत



**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड पार्षदों ने सोमवार को नपं के 7 वें कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित राजकमल से नपं कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान वार्ड पार्षदों ने नये कार्यपालक पदाधिकारी को श्री बंशीधर जी की तस्वीर भेंट कर उनका स्वागत किया। वार्ड पार्षदों ने कार्यपालक पदाधिकारी को क्षेत्र की कई गंभीर समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही शहर में अतिक्रमण, मुख्य सड़क जाम, नाली, सड़क सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराते हुये उसका निष्पादन करने का आग्रह किया।

**नपं क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना मुख्य उद्देश्य : राजकमल**

नवपदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल ने कहा कि नगर पंचायत के विकास के लिये सभी के सहयोग से कदम उठाएंगे। किसी भी कार्यालय में सभी तरह के कार्यों का निष्पादन करने में कर्मियों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि सभी वार्ड पार्षदों को एक साथ लेकर नगर पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करने का काम करेंगे। जिससे आने वाले समय में श्री बंशीधर नगर का नाम जिला व राज्य स्तर पर उत्कृष्ट कार्य के लिये याद किया जायेगा। उन्होंने वार्ड पार्षदों से भी सहयोग की अपील की। बता दें कि नपं के नवपदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल पाकुड़ जिले से नगर परिषद से आये हैं। मौके पर वार्ड पार्षदों में मुख्य रूप से नीरज कुमार, राजकुमार प्रसाद, रंजन कुमार छोटू, संदीप कुमार कमलापुरी, अनिल कुमार गुप्ता, सुधीर प्रजापति, नसरूल्लाह अंसारी एवं राजेश कुमार चंद्रवंशी उपस्थित थे।

**न्यूज अपडेट्स**

## अधिवक्ता भवन अत्याधुनिक सुविधा युक्त होगा : डा मेहता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला अधिवक्ता संघ परिसर में पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता के विधायक निधि से 5 लाख रुपये की राशि से पलामू जिला अधिवक्ता संघ में भवन निर्माण के लिये शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पलामू जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने की। पांकी विधायक डॉ मेहता ने नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। कहा कि वे जो कहते हैं करते हैं दूसरे लोग क्या कहते हैं उसे उन्हें कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कार्य पहले ही को जानी चाहिये थी। 5 लाख विधायक निधि से उन्होंने स्वीकृत कराया है। कार्य तेजी से करें शीघ्र जनवरी में 5 लाख और राशि दी जायेगी। ताकि बार भवन बेहतर हो सके और अधिवक्ता को बैठने में कोई कठिनाई नहीं हो। उन्होंने कहा कि उनकी मनसा है की डालटेनगंज का अधिवक्ता भवन अत्याधुनिक सुविधा युक्त हो इसके लिये वे लगातार प्रयास कर रहे हैं विधानसभा में प्रश्न भी उठाया था। उन्होंने कहा कि 2025 में भाजपा की सरकार बनते ही अधिवक्ता संघ भवन सुसज्जित होगा। पलामू प्रमंडल ही नहीं झारखंड का नंबर वन भवन होगा। मौके पर अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी, महासचिव अजय कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष जया किशोर पाठक, सहायक कोषाध्यक्ष देव कुमार शुक्ला, संयुक्त सचिव नितिन कुमार पांडेय, संतोष कुमार तिवारी, शंकर त्रिपाठी, संजय कुमार पांडेय, प्रभु दयाल गुप्ता, लाल प्रसाद यादव, सुरेंद्र तिवारी, देवेंद्र कुमार पांडेय, गोरखनाथ पांडेय, गोपाल मिश्रा, धीरज कुमार दुबे, बच्चन ठाकुर सहित काफी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे।

**सियासत** गढ़वा में होगा भाजपा का सफाया : मंत्री

# भाजपा के पूर्व रंका प्रखंड अध्यक्ष झामुमो में शामिल

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** भाजपा के पूर्व रंका प्रखंड अध्यक्ष शिवशंकर सोनी एवं भाजपा नेता रूपेश ठाकुर अपने समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया। इस दौरान सभी ने आगामी विधानसभा चुनाव में गढ़वा विधानसभा से मंत्री श्री ठाकुर को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने उनका पार्टी में स्वागत करते हुये कहा कि दोनों नेताओं को पार्टी में आने से निश्चित रूप से पार्टी को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि गढ़वा से भाजपा का पूरी तरह सफाया हो जायेगा। भाजपा की नीति एवं नियत से क्षुब्ध होकर अधिसंख्य भाजपा के कार्यकर्ता झामुमो में शामिल हो रहे हैं। आने वाले समय में भाजपा कार्यकर्ता ढूंढने से भी नहीं मिलेंगे। मंत्री ने कहा कि झामुमो में पार्टी के नेता, कार्यकर्ता से लेकर आम जनता सभी को पूरा मान सम्मान मिलता है। गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों एवं झारखंड सरकार द्वारा चलायी जा ही जनहित की योजनाओं से प्रभावित होकर सभी लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सभी लोग आज से ही कमर कसकर क्षेत्र में लग जायें। जनता के बीच जाकर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद करें। साथ ही हेमंत सरकार के नीति एवं सिद्धांतों से सभी को अवगत करायें। ताकि झूठ का पुलिंदा लेकर भटक रहे लोगों को आगामी विधानभा चुनाव में जनता मुंहतोड़ जवाब दे। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता, आशीष गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मेदिनीनगर :** श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के नेतृत्व में सिंगरा में आयोजित पांच दिवसीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ के यज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। सोमवार की अहले सुबह से ही श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने लगे थे। परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जय श्रीमन् नारायण नारायण के जयघोष एवं यज्ञ मंडप में विद्वान पंडितों द्वारा किये जा रहे वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा इलाका भक्तिमय हो गया है। उस मौके पर जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि पृथ्वी की तरह सभी लोगों को सहनशील बनकर, सूर्य नाली से लेकर समुद्र तक के पानी को सुखाकर बादल बनाकर बरसा कराकर परोपकार का काम करती है, जल खुद गंदा होकर लोगों को साफ करती है उसी तरह हम सभी लोगों को भी अपने सामर्थ्य के अनुसार लोगों का सहयोग करना चाहिये।

**सुरक्षा के हैं पुख्ता इंतजाम :** सुरक्षा और विधि व्यवस्था को ले सैकड़ो पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है, जो तीनों शिफ्ट में विधि व्यवस्था में मुस्तैद हैं। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार की देख रेख में सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। ट्रैफिक प्रभारी शमाल अहमद एवं पुलिस अधिकारी रूद्रानंद सरस के नेतृत्व में सुरक्षा का व्यापक व्यवस्था किया गया है।

**सुबह से ही कथा प्रवचन :** सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक देश के विभिन्न क्षेत्रों और मठों से आये जगत गुरु और पीठाधीश्वर द्वारा राम कथा और भगवत कथा प्रवचन किया जा रहा है। शाम 5:30 से 6 बजे तक श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज द्वारा भागवत कथा किया जा रहा है। प्रत्येक दिन सुबह 7 बजे से आरती की जा रही है।

**विशाल भंडारा का आयोजन :** महायज्ञ में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिये भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है। सुबह के 9 बजे से रात्रि में भी 24 घंटे श्रद्धालुओं के लिये भोजन प्रसाद की व्यवस्था की गई है। महायज्ञ समिति का आग्रह है कि जो भी लोग महायज्ञ में आ रहें वें भंडारा में प्रसाद लेकर ही जायें। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की भरपूर व्यवस्था की गई है। जगह-जगह दर्जनों शौचालय का निर्माण किया गया है।

## आउटसोर्सिंग एएनएम डॉक्टर की कुर्सी पर बैठकर करती है इलाज

**बंशीधर न्यूज**



**रमना :** रमना प्रखंड में सामुदायिक स्वास्थ्य बने 13 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी रमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक विहीन हैं। इस क्षेत्र के ग्रामीण करोड़ो की लागत से बने इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लाभ नहीं ले पा रहे। एएनएम के सहारे ग्रामीणों का स्वास्थ्य समस्या का निदान हो रहा है। यहां बताते चलें कि वर्ष 2008 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री भानू प्रताप शाही ने इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया था। वर्ष 2011 में तत्कालीन विधायक अनंत प्रताप देव की उपस्थिति में इसका उद्घाटन हुआ था। तब से लेकर आज तक यह केंद्र चिकित्सक के लिये तरस रहा है। कुछ वर्षो तक इस केंद्र में चिकित्सक रहे और इस क्षेत्र के गरीब-मजदूर, लाचार को अच्छी चिकित्सिय सुविधा भी प्राप्त हुई। इन 13 वर्षों में इस सामुदायिक केंद्र में सूचना पट के अनुसार केवल चार ही चिकित्सक, 11 से डॉ नजीर अहमद, 2015 से अरुण कुमार, 2019 से रमेश कुमार और 2020 एस रवि करीब दो वर्षो तक रहे। इसके बाद कोई एमबीबीएस चिकित्सक नहीं आये। इस प्रखंड के गरीब-मजदूर लोगों को इलाज के लिये सीएचओ के सहारे प्रतिनियुक्त कर दिया गया जो आज करीब दो सप्ताह से हड़ताल पर हैं। यह समुदायिक केंद्र आउटसोर्सिंग और एचआरएम एनएम के सहारे चल रहा है। इस सम्बन्ध में एएनएम बबिता कुमारी ने बतायी कि इस सेंटर में चिकित्सक के नहीं रहने से अकस्मात गंभीर रूप से पीड़ित मरीज का प्राथमिक उपचार और फिर गंभीर रूप से पीड़ित को रेफर करना दोनों ही काम हमें ही करना पड़ता है। जिससे बहुत कठिनाई होती है। सुरक्षा प्रहरी को भी हटा दिया गया है, जिससे डर के साये में रहना पड़ता है। एएनएम इंदु कुमारी बोली कि आप लोग खाली फोटो ही खींचीयेगा की डॉक्टर भी इस सेंटर में लाईयेगा। इंदु देवी ने डॉ की कुर्सी पर बैठी हुई थी उनसे बात करने पर बोली कि हम ही अभी डॉक्टर हैं। इस संबंध में सीएस डॉ अशोक कुमार ने बताया कि डॉक्टर की कुर्सी पर बैठना सारासर गलत है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

**भाजपा हार के डर से ईडी से करवा रही छापेमारी, धीरज दूबे ने कहा**

# पलामू प्रमंडल से साफ हो जायेगी भाजपा

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज कुमार दुबे ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के खिलाफ ईडी की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया। कहा कि भाजपा को पलामू प्रमंडल के पांच सीटों पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रभाव से हार का अंदेशा है तथा कोल्हान के चाईबासा में भी मंत्री मिथिलेश की मजबूत पकड़ है। गढ़वा में हुये विकास कार्यों की चर्चा पलामू प्रमंडल के सभी विधानसभा सीटों पर हो रही है। यहां के विकास कार्यो को देखकर पलामू के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में जनता अपने विधायक से सवाल पूछना शुरू कर दिया है। यहां तक की क्षेत्र के पिछड़ापन और बदहाली के लिये दशकों से क्षेत्र में काबिज अपने विधायक को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। श्री दूबे ने कहा कि विकास कार्यों के अलावे मंत्री मिथिलेश ठाकुर पलामू प्रमंडल के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते आये हैं, जिससे गठबंधन की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अंदरूनी सर्वे में मंत्री मिथिलेश के कार्यशैली से भाजपा को पांच विधानसभा सीटों पर नुकसान होता हुआ दिख रहा है। विगत 6 महीने से मंत्री मिथिलेश को भाजपा में शामिल होने का दबाव दिया जा रहा था, परंतु साफ मना करने के बाद डराने की नीयत से भाजपा अपने तोता से छापेमारी करवा रही है। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को यह जानकारी नहीं है कि मंत्री मिथिलेश दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शिष्य हैं। वे दबाव और भय से भाजपा जैसी धार्मिक उन्माद फैलाने वाली और झूठ-फरेब परोसने वाली पार्टी में कभी शामिल नहीं होने वाले। ईडी जितना मर्जी उतना छापा मार ले, परंतु उसको गढ़वा की जनता की समस्याओं का आवेदन एवं गढ़वा की विकास गाथा का ग्रंथ के अलावा कुछ भी नहीं मिलने वाला। उन्होंने कहा कि चुनाव को देखते हुये भाजपा राजनीतिक हथियार के रूप में ईडी का गलत इस्तेमाल कर रही है, परंतु इससे मंत्री मिथिलेश डरने वाले नहीं हैं। झामुमों का हर एक कार्यकर्ता घर-घर जाकर भाजपा के गलत नीति और खोटी नियत को लोगों को बताने का काम करेंगे। भाजपा के इन ओछी हरकतों से झामुमो के कार्यकताओं में भारी आक्रोश है तथा गढ़वा की जनता भी इसे राजनीतिक दुर्भावना से ग्रसित कार्रवाई मान रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता इसका भरपूर जवाब देगी।

## एसडीपीओ मुकेश को दी विदाई



**बंशीधर न्यूज**

**हुसैनाबाद :** एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन सोमवार को अनुमंडल पुलिस कार्यालय परिसर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता एलआरडीसी गोरांग महतो व संचालन हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय यादव व हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अंचल पुलिक निरीक्षक सुरेश मंडल, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, देवरी ओपी प्रभारी बब्लू कुमार, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, महूदंड पिकेट प्रभारी, लठेया पिकेट प्रभारी धर्मवीर यादव, एसडीपीओ रीडर शेखर कुमार आदि ने बुके और शॉल देकर एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो को सम्मानित किया। एलआरडीसी श्री महतो ने कहा कि एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने अपने आठ माह के कार्यकाल में क्षेत्र में कई बड़े कार्य किये। पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल ने कहा कि एसडीपीओ श्री महतो के साथ काम करते हुये उन्हें काफी कुछ सीखने का मौका मिला। मौके एएसआई अखिलेश यादव चौकीदार संघ के अध्यक्ष सैयद मोहम्मद के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी व अन्य लोग उपस्थित थे।





## काजोल-कृति सेनन की फिल्म 'दो पत्ती' का ट्रेलर रिलीज

पिछले कई दिनों से एक्ट्रेस कृति सेनन और अभिनेत्री काजोल उनकी आने वाली फिल्म 'दो पत्ती' को लेकर हर कोई उत्सुक है। कुछ महीने पहले इस फिल्म के टीजर को लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। अब हाल ही में 'दो पत्ती' का ट्रेलर आया है। इसमें कोई शक नहीं कि ट्रेलर बेहद शानदार है। ट्रेलर की शुरूआत में काजोल एक शख्स से तरह-तरह के सवाल पूछती नजर आ रही हैं। इसके बाद ट्रेलर में एक्शन की एंट्री होती है। कृति उस शख्स के साथ बफीर्ले इलाके में चलती नजर आ रही हैं। ऐसा लगता है कि वहां कुछ हो रहा है। बाद में ट्रेलर में अचानक कृति की जुड़वां बहन की एंट्री होती है। कृति की जुड़वां बहन स्वभाव से सनकी लगती हैं। वह अपनी बहन के होने वाले पति के साथ फ्लर्ट करती नजर आ रही हैं। ट्रेलर में आगे भी कई राज नजर आते हैं। इन रहस्यों को सुलझाने की जिम्मेदारी काजोल पर है। कुल मिलाकर 'दो पत्ती' कृति-काजोल की जुगलबंदी को दिखाती है। जुड़वा बहनों का किरदार निभाते हुए कृति का अभिनय लाजवाब है। काजोल एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभाती नजर आ रही हैं। इसमें कोई शक नहीं कि कृति और काजोल दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उनके प्रशंसक उत्सुक होंगे। यह फिल्म 25 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स ओटीटी पर रिलीज होगी।

## आलिया की 'जिगरा' का पहले दिन नहीं रहा कोई खास कलेक्शन



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट की बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म 'जिगरा' 11 अक्टूबर को रिलीज हो गई है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाई नहीं की। फिल्म के दमदार ट्रेलर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसे देखते हुए मेकर्स को अच्छी ओपनिंग मिलने की उम्मीद थी लेकिन रिलीज के पहले दिन फिल्म ज्यादा चर्चा नहीं बटोर पाई। आलिया भट्ट और वेदांग रैना के साथ-साथ फिल्म की पूरी टीम ने फिल्म जिगरा का खूब प्रमोशन किया। हालाँकि, यह प्रचार प्रशंसकों को सिनेमाघरों तक लाने में अप्रभावी रहा है। मेकर्स को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया की उम्मीद है। बॉक्स ऑफिस पर आलिया भट्ट की 'जिगरा' राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' से क्लैश हो रही है। दोनों ही फिल्में बिल्कुल अलग जॉनर की हैं। वासन बाला की निर्देशित फिल्म 'जिगरा' में सत्या का किरदार निभाकर आलिया पहली बार एक्शन करती नजर आ रही हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म 'जिगरा' ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 5.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इस फिल्म ने 4.55 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरूआत की थी। दूसरे दिन इस फिल्म ने 6.55 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इसी के साथ अब 'जिगरा' का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 16.75 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म को आप हिंदी के साथ तेलुगु भाषा में देख सकते हैं।



## उमर अब्दुल्ला कल जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में लेंगे शपथ

# हरियाणा की तरह झारखंड में भी मुंह की खाएगा इंडी गठबंधन : हिमंत बिस्वा

**रांची।** झारखंड के चुनाव सह प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि हमारी कोशिश है कि जो पुराने साथी भाजपा छोड़कर गए थे लेकिन उनका मन और दिल पार्टी से जुड़ा था, सभी की घर वापसी हो। इस दौरान नए साथी को भी जोड़ा जाए। सरमा प्रदेश भाजपा कार्यालय में सोमवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे। सरमा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने मां-बहनों को 2100 महीना देने की घोषणा की थी। पहले कांग्रेस ने 2000 देने की बात कही थी। भाजपा के 2100 घोषणा करने के बाद कांग्रेस ने उसे बढ़ाकर 6000 देने का ऐलान किया था। हालांकि हरियाणा की जनता ने मोदी जी के 2100 पर भरोसा किया। कांग्रेस के 6000 पर भरोसा नहीं किया। हरियाणा के लोगों ने कहा कि हमें पता है कि चुनाव खत्म होने के बाद कांग्रेस पैसा नहीं देगी। हालांकि मोदी ने जो घोषणा की है, वह सौ फीसदी लागू होगा। उन्होंने कहा कि गोगो दीदी योजना में अब तक लाखों महिलाएं फॉर्म भर चुकी है। उनकी डाटा एंट्री हो चुकी है। पार्टी सबको जवाब भी दे रही है कि हमने जो घोषणा की है उसको निभाने के लिए कटिबद्ध हैं। सरकार के शपथ लेते गोगो दीदी योजना लागू कर दी जाएगी। इसके लिए चार साल तक का इंतजार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार कैबिनेट में 2500 देने की मंजूरी दे देती है तो क्या होगा। कुछ ही दिन में चुनाव की घोषणा हो जाएगी। फिर महिलाओं को पैसा कहां से दे पाएंगे। यह तो लोगों को ठगने जैसा है। अगर हेमंत सरकार के पास संसाधन था और वह 2500 दे सकती थी तो 1000 से शुरूआत क्यों की। महिलाओं को क्यों ठगा। 1000 देने का सम्मान यात्रा क्यों निकाला। अगर हेमंत सरकार के पास महिलाओं को 2500 देने का संसाधन था तो 1000 ही क्यों दिया। क्यों ठगा। भारतीय जनता पार्टी की घोषणा करने के बाद वे हरकत में आए। इसलिए यह सब व्यवस्था ठगने वाली है। मोदी की गारंटी 100% है। उन्होंने कहा कि ईडी की छापामारी से भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है। ईडी तो अपना काम करते रहती है। मिथलेश ठाकुर के क्षेत्र में आए लोकसभा के चुनाव परिणाम पर भी देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईडी और सीबीआई कभी महात्मा गांधी के घर में नहीं जाती है। ईडी और सीबीआई किसी के घर में तब जाती है, जब 300 करोड रुपए होता है। इन लोगों से पैसा लेकर गरीबों में बांटना क्या गुनाह है। सरमा ने कहा कि मोदी के कार्यकाल में लोगों को 15 लाख रुपये से ज्यादा मिल चुका है। हर साल आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना दिया गया। जल जीवन योजना के तहत घर-घर पानी दिया गया। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन 1.36 लाख करोड़ रुपये की बात करते हैं। उन्होंने जितनी चोरी की छूट दे रखी है, उसमें इससे ज्यादा की अब तक लूट हो चुकी है। अगर समय रहते इस पर रोक लगाए होते तो महिलाओं को 2100 बहुत पहले से मिल रहा होता। उन्होंने कहा कि मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि राहुल गांधी जल्द से जल्द झारखंड आए और हमें पांच-छह सीट अधिक जीता कर जाएं। राहुल गांधी को अब तक आ जाना चाहिए था। उनके नहीं आने से मैं खुद टेंशन में हूं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले राहुल गांधी ने 85 सौ वाली खटाखट योजना शुरू की। भाजपा वही सब जगह लागू कर रही है, जो पहले से चल रही है। हमारे लिए यह कोई नई योजना नहीं है। मध्य प्रदेश असम छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र सब जगह जब हम महिलाओं को सम्मान दे रहे हैं तो झारखंड में क्यों नहीं देंगे हमारे लिए कोई योजना नई नही है सिर्फ नाम नया है। युवाओं को तीन लाख नौकरी दी जाएगी। अगर किसी के घर में नौकरी हो जाती है तो इस तरह की योजना की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर युवाओं को तीन लाख नौकरी और 5 लाख अतिरिक्त रोजगार की व्यवस्था हो जाए तो वह खुद घर में मां बहनों का ख्याल रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के पहले ही इंटरव्यू की तारीख की घोषणा कर दी जाएगी।

### हेमंत सरकार के पास संसाधन था तो पहले ही 2500 देते 1000 रुपये देकर महिलाओं को ठगा है : हिमंत



## जो साथी छोड़ गए उन्हें साथ लाना है : हिमंत

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री एवं जमुआ विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी डॉ मंजू



कुमारी ने अपने पिता, पूर्व विधायक सुकर रविदास एवं अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवं असम सरकार के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शरमा ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। मौके पर हिमंत विश्व सरमा ने कहा कि झारखंड से भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को हटाने, राज्य में सुशासन को स्थापित करने के लिए सबका साथ जरूरी है। उन्होंने कहा कि जो साथी छोड़ गए हैं उन्हें फिर से वापस लाकर झारखंड में नया सवेरा लाना है, विकसित झारखंड बनाना है। झारखंड को कुशासन से मुक्त करवाने के लिए भाजपा सभी वर्गों, राज्य के शुभचिंतकों से सहयोग और समर्थन की अपेक्षा करती है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सुकर रविदास जी जनसंघ काल से पार्टी के नीतियों कार्यक्रमों से जुड़े रहे हैं। दो बार 1977 एवं 1995 में पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि यह परिवार भाजपा से जुड़ा परिवार है। पिता और पुत्री दोनों का पार्टी में शामिल होना एक प्रकार से घर वापसी है। उन्होंने कहा कि मंजू कुमारी की योग्यता, अनुभव एवं परिश्रम का लाभ पार्टी को मिलेगा। भाजपा क्षेत्र में और मजबूत होगी।

### Hit लिस्ट

## पांच-पांच किलो के दो आईईडी बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान पांच-पांच किलो का दो आईईडी बम बरामद किया है। चाईबासा एसपी आशुतोष शेखर ने सोमवार



को बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान के दौरान सोमवार को टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाका से विडियाबेड़ा के बीच जंगली- पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्दे श्य से नक्सलियों के जरिये पूर्व में लगाये गये दो आईईडी बम को बरामद किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से बम को डिफ्यूज कर दिया गया। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, चमन, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है।

## भारत ने कनाडा के छह राजनयिकों को निकाला

**नई दिल्ली।** भारत ने नई दिल्ली स्थित कनाडा के उच्चायोग में कार्यरत प्रभारी उच्चायुक्त स्टीवर्ट रॉस व्हीलर सहित छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया है। इन राजनयिकों

विदेश मंत्रालय MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS

से कहा गया है कि वे आगामी 19 अक्टूबर को मध्य रात्रि से पहले भारत छोड़ दें। उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार की ओर से भारतीय राजनयिकों को आपराधिक गतिविधियों से जोड़ने के खिलाफ विरोध प्रकट करने के लिए विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रभारी उच्चायुक्त को तलब कर विरोध दर्ज कराया था। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा था कि राजनयिकों पर खतरे के मद्देनजर भारतीय उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा सहित कुछ भारतीय राजनयिकों और अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में 498 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, मुंबई में झारखंड भवन व पावंर सब स्टेशन पकरी बरवाडीह का ऑनलाइन शिलान्यास

# राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में नियुक्तियों का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है। कोई भी ऐसा महीना नहीं होगा, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित ना हुआ हो। नियुक्तियों की इसी क्रम में आज एक और अहम कड़ी जुड़ने जा रही है। लगभग 500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियो को नियुक्ति पत्र मिल रहा है। इस तरह अब आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुंबई में प्रस्तावित झारखंड भवन और 220/ 33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन पकरीबरवाडीह का भी ऑनलाइन शिलान्यास कर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्धता



जताई। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों से कहा कि झारखंड देश के सबसे गरीब एवं पिछड़े राज्य में गिना जाता है। आपकी नियुक्ति स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए हुई है। आप सभी को राज्य के सुदूर और दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में काम करने का मौका मिल रहा है। मेरा आप सभी से यही कहना है कि इस राज्य की जनता के प्रति जो आपको जिम्मेदारी मिली है, उस पर आप खरा उतरने का प्रयास करें। अपनी सेवा पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं, ताकि ग्रामीणों का आप पर विश्वास बना रहे। इससे इस राज्य की व्यवस्था को मजबूत करने में हमें मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सिर्फ बिल्डिंग खड़ा कर देने से स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों और इलाज से संबंधित समुचित सुविधाओं को उपलब्ध कराना जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार स्वास्थ्य से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। आज चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति, आधुनिक चिकित्सीय संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ अस्पतालों के रखरखाव और मरम्मत की भी समुचित व्यवस्था है । राज्य के गरीब तथा जरूरतमंद लोगों के लिए कई स्वास्थ्य योजनाएं संचालित हैं। हमारी कोशिश राज्य के लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। इस सिलसिले में विश्व पटल पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी बेहतर सेवा देने के लिए पहचान बनाने वाले निजी क्षेत्र के संस्थानों का सहयोग ले रहे हैं। इसी कड़ी में अपोलो अस्पताल का शिलान्यास हाल में संपन्न हुआ है। वहीं, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से राजधानी रांची के इटकी में वर्ल्ड क्लास मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाया जा रहा है । मुझे विश्वास है कि यहां के लोगों को बहुत जल्द इलाज के लिए दूसरे प्रदेशों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)